**Retirement of General Managers of Indian Railways**

2631. SHRI GANESH GHOSH : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Shri P. N. Murthy is the only Electrical Engineer in the Indian Railways who got the post of a General Manager ;

(b) whether it is a fact that Shri Murthy retired from the post of the General Manager 8 months prior to his due date of retirement ;

(c) If so, the reasons of his early retirement ; and

(d) who else are the General Managers who had gone for early retirement in the Indian Railways during the last ten years ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (DR. RAM SUBHAG SINGH) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c). Shri Murthy availed of leave preparatory to retirement from 26-8-1967 to 3-4-1968 and retired on 4-4-1968, on attaining the age of superannuation.

(d) None.

**दिल्ली-मेरठ दैनिक यात्री संघ द्वारा ज्ञापन**

2632. श्री महाराज सिंह भारती : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली-मेरठ दैनिक यात्री संघ द्वारा 19 फरवरी, 1969 को उत्तर रेलवे को एक मांग पत्र प्रस्तुत किया गया था ; और

(ख) यदि हां, तो उन मांगों से गाड़ियां चलाने के सम्बन्ध में सरकार द्वारा स्वीकार की जाने वाली मांगों का ब्यौरा क्या है और शेष मांगों को स्वीकार न किये जाने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां।

(ख) ये मांगें मेरठ और दिल्ली के बीच एक जोड़ी अतिरिक्त शटल गाड़ियां चलाने, 372 डाउन हरद्वार-दिल्ली सवारी गाड़ी का चालन-समय कम करने, 19 अप बम्बई-देहरादून एक्सप्रेस को समय पर चलाने और नं० 4 डी० एस० यू० अम्बाला-दिल्ली सवारी गाड़ी तथा नं० 2 एन० एम० मेरठ सिटी-नई दिल्ली शटल के समय को आगे करने के संबंध में की गयी थीं।

मेरठ और दिल्ली के बीच एक जोड़ी अतिरिक्त शटल गाड़ियां चलाना और नं० 4 डी० एस० यू० तथा नं० 2 एन० एम० के समय को आगे करना परिचालन की दृष्टि से अभी व्यावहारिक नहीं है। 1-4-69 से नं० 372 डाउन हरद्वार-दिल्ली सवारी गाड़ी का चालन-समय 45 मिनट कम किया जा रहा है। नं० 19 अप बम्बई-देहरादून एक्सप्रेस के समय पालन में सुधार लाने के लिये सभी सम्भव प्रयत्न किए जा रहे हैं।

**मेरठ और दिल्ली के बीच चलने वाली रेलगाड़ियां**

2633. श्री महाराज सिंह भारती : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मेरठ जिला दिल्ली बृहत योजना का एक अंग तथा इस समय दिल्ली का उपनगर है और स्थानीय तथा उपनगरीय रेलगाड़ियों की समय सारणी में मेरठ को शामिल किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या कारण है कि दिल्ली और मेरठ के बीच चलने वाली रेल गाड़ियों की गति इतनी कम है जितनी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली रेलगाड़ियों की ; और

(ग) क्या कारण है कि सरकार दिल्ली और मेरठ के बीच चलने वाली रेलगाड़ियों के समय को कम नहीं करती, जैसा कि कलकत्ता और बम्बई में चलने वाली उपनगरीय रेल गाड़ियों के मामले में किया गया है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) मेरठ जिला दिल्ली बृहत योजना का अंग नहीं